गिरगिट

सारांश

यह पाठ समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार पर एक व्यंग्य है। यह एक पुलिस इंस्पेक्टर द्वारा बताता है की व्यक्ति किस तरह अपने पद का दुरूपयोग अपने स्वार्थ के लिए करता है।

इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव नया ओवरकोट पहने हाथ में बंडल लिए बाज़ार के चौराहे से गुजरा। उसके पीछे लाल बालोंवाला एक सिपाही हाथों में झरबेरी की टोकरियाँ लिए चला आ रहा था। चारों ओर खामोशी थी। दुकानों के दरवाजे खुले थे परन्तु उनके आसपास कोई नहीं दिख रहा था।

तभी अचानक ओचुमेलॉव के कानों में एक आवाज़ गूँजी – 'तो तू काटेगा? तू? शैतान कहीं का! ओ छोकरों! इसे मत जाने दो। पकड़ लो इस कुत्ते को। उसके बाद उसे कुत्ते की किकियाने की आवाज़ सुनाई दी। ओचुमेलॉव उस आवाज़ की दिशा में घुमा और पाया कि एक व्यापारी पिचुगिन के काठगोदाम में से एक कुत्ता तीन टाँगों के बल पर रेंगता चला आ रहा है। उसके पीछे एक व्यक्ति दौड़ रहा था। वह कुत्ते की टांगें पकड़कर फिर चीखा – 'मत जाने दो।' आवाज़ सुनकर भीड़ काठगोदाम घेरकर खड़ी हो गयी। ओचुमेलॉव भी मुड़कर भीड़ की तरफ चल दिया।

वहाँ एक बिना बटन वास्केट पहने आदमी अपना दायाँ हाथ उठाये मौजूद था और उपस्थित लोगों को उंगलियाँ दिखा रहा था। ओचुमेलॉव ने व्यक्ति को देखते पहचान लिया। वह ख्यूक्रिन नामक सुनार था। वहीँ पास में पड़ा एक सफ़ेद बाराजोई पिल्ला ऊपर से नीचे तक काँप रहा था। भीड़ को चीरते हुए ओचुमेलॉव ने पूछा – यह सब क्या हो रहा है? तुम सब लोग इधर क्या कर रहे हो? ऊँगली ऊपर क्यों उठा रखी है? चिल्ला कौन रहा था? इन सवालों के जवाब में ख्यूक्रिन ने खाँसते हुए कहा की जब मैं मित्री मित्रिच से लकड़ी लेकर कुछ काम निपटाने के लिए चुपचाप चला जा रहा था तब इस कुत्ते ने अकारण मेरी ऊँगली काट खाई। चूँकि मेरा काम पेचीदा है और मुझे लगता है अब एक हफ्ते तक मेरी ऊँगली काम नहीं कर पाएगी इसलिए हुजूर मुझे इस कुत्ते के मालिक से हरजाना दिलवाया जाए। यह किसी कानून में नही लिखा की आदमखोर जानवर हमें काट खायें और हम इन्हें छोड़ते रहें।

ओचुमेलॉव ने अपना गला खँखारते हुए बोला की ठीक है बताओ यह कुत्ता किसका है। मैं इस मामले को छोड़ने वाला नही हूँ। इस तरह अपने कुत्ते को आवारा छोड़ने वाले मालिक को मैं मजा चखा कर रहूँगा। उसने सिपाही की तरफ मुड़कर कहा – येल्दीरीन पता लगाओ यह कुत्ता किसका है और पूरी रिपोर्ट तैयार करो। इस कुत्ते को मार दो। तभी भीड़ से एक आवाज़ आई शायद यह कुत्ता जनरल झिगालॉव का है।

जनरल झिगालॉव का नाम सुनते ही ओचुमेलॉव को गर्मी लगने लगती है और वह कोट उतारने लगता है। वह ख्यूक्रिन की तरफ मुड़कर कहता है की मुझे समझ नहीं आ रहा की इतना छोटा जानवर तेरी ऊँगली तक पहुँचकर काट कैसे सकता है। जरूर तेरे ऊँगली में कील गड गई होगी और तू यह दोष इस कुत्ते पर मढ़कर अपना फयदा सोच रहा है। जरूर इसने ही कुत्ते के साथ शरारत की होगी। सिपाही येल्दीरीन भी ओचुमेलॉव की बातों में हाँ मिलाते हुए ख्यूक्रिन को शरारती बताता है। ख्यूक्रिन भी कहता है की उसका एक भाई पुलिस में है।

थोड़ी देर में सिपाही कहता है की यह कुत्ता जनरल साहब को नहीं हो सकता क्योंकि उनके सभी कुत्ते पोंटर हैं। ओचुमेलॉव भी कहता है की जनरल साहब के सभी कुत्ते महँगे और अच्छी नस्ल के हैं। यह मरियल सा कुत्ता उनका नहीं हो सकता। इसे सबक सिखाना जरूरी है। सिपाही गंभीरता से सोचते हुए फिर कहता है ऐसा कुत्ता कल ही मैंने जनरल साहब के आँगन में देखा था शायद यह कुत्ता उन्हीं का हो। भीड़ में से भी आवाज़ आती है यह कुत्ता जनरल साहब का ही है। अब ओचुमेलॉव को ठंड लगने लगती है और वह

सिपाही को कोट पहनाने में मदद करने बोलता है। वह बोलता है जनरल साहब के पास ले जाकर पता लगाओ की यह कुत्ता उनका है और उनसे कहना मैंने इसे उनके पास भेजा है। इस तरह इस नाजुक प्राणी को बाहर ना छोड़ें नहीं तो गुंडे-बदमाशों के हाथों यह तबाह हो जाएगा। वह ख्यूक्रिन को भद्दा प्राणी कहते हुए उसे ऊँगली नीचे करने को कहता है।

तभी उधर से जनरल साहब को बावर्ची प्रोखोर आता दिखता है। ओचुमेलॉव उसे आवाज़ देकर बुलाता है और पूछता है की कुत्ता जनरल साहब का है? बावर्ची कहता है की ऐसा कुत्ता उसने कई जिंदगियों में नहीं देखा। तभी ओचुमेलॉव कहता है की मैंने तो पहले ही कहा था इस आवारा कुत्ते को मार दिया जाए। बावर्ची फिर कहता है की यह कुत्ता जनरल साहब का तो नहीं परन्तु उनके भाई है जो अभी यहाँ पधार हैं। उन्हें 'बारजोयस' नस्ल के कुत्ते पसंद हैं। ओचुमेलॉव ने अपने चेहरे पर ख़ुशी समेटते हुए कहा की जनरल साहब के भाई वाल्दीमीर इवानिच पधारे हैं और मुझे पता तक नहीं। कितना सुन्दर डॉगी है। बहुत खूबसूरत पिल्ला है। प्रोखोर कुत्ते को संभालकर काठगोदाम से बाहर चला गया। भीड़ ख्यूक्रिन की हालत पर हँस दी। ओचुमेलॉव ने उसे धमकाकर अपने रास्ते चल दिया।

लेखक परिचय

अंतोन चेखव

इनका जन्म दक्षिणी रूस के तगनोर नगर में 1860 में हुआ था। इन्होनें शिक्षा काल से ही कहानियाँ लिखना आरम्भ कर दिया था। उन्नीसवीं सदी का नौवाँ दशक रूस के लिए कठिन समय था। तह वह समय था जब आज़ाद ख्याल होने से ही लोग शासन के दमन का करते थे। ऐसे समय में चेखव ने उन मौकापरस्त लोगों को बेनकाब करती कहानियाँ लिखीं जिनके लिए पैसा और पद ही सब कुछ था।

प्रमुख कार्य
कहानियाँ – गिरगिट, क्लर्क की मौत, वान्का, तितली, एक कलाकार की कहानी, घोंघा, ईओनिज, रोमांस, दुलहन।
नाटक – वाल्या मामा, तीन बहनें, सीगल और चेरी का बगीचा।

कठिन शब्दों के अर्थ

1. जब्त – कब्ज़ा करना
2. झरबेरियाँ – बेर की एक किस्म
3. किकियाना – कष्ट में होने पर कुत्ते द्वारा की जाने वाली आवाज़
4. काठगोदाम – लकड़ी का गोदाम
5. कलफ़ – मांड लगाया गया कपड़ा
6. बारजोयस – कुत्ते की एक प्रजाति
7. पेचीदा – कठिन
8. गुज़ारिश – प्रार्थना
9. हरज़ाना – नुक्सान के बदले में दी जाने वाली रकम
10. बरदाश्त – सहना
11. खँखारते – खाँसते हुए
12. त्योरियाँ – भौंहें चढ़ाना
13. विवरण – ब्योरा देना

14. भद्दा – कुरूप
15. नस्ल – जाति
16. आल्हाद – ख़ुश

पाठ का सार

इंस्पेक्टर ओचुमेलाॅव नया ओवरकोट पहने और हाथ में बंडल थामे हुए बाज़ार के चैराहे से गुज़रा। उसके पीछे लाल बालोंवाला सिपाही था, जिसने झरबेरियों की टोकरी उठा रखी थी। चारों तरफ सन्नाटा था। इतने में इंस्पेक्टर के कानों में आवाज़ गूँजी - तो तू काटेगा? तू? शैतान कहीं का! ओ छोकरी! इसे मत जाने दो। पकड़ लो इस कुत्ते को। आह... तब कुत्ते के किकियाने की आवाज़ सुनकर ओचुमेलाॅव ने उस आवाज़ की दिशा में घूरकर देखा। तभी इंस्पेक्टर ने देखा कि एक व्यापारी पिचुगिन के काठगोदाम में से एक कुत्ता तीन टाँगों के बल पर रेंगता चला आ रहा है। उसके पीछे एक आदमी दौडा़ हुआ आ रहा है। उसने गिरते-पड़ते कुत्ते को पिछली टाँग से पकड़ लिया। दोनों की आवाज़ें सुनकर एक भीड़ काठगोदाम को घेरकर खड़ी हो गई। ओचुमेलाॅव भीड़ की तरफ चल दिया। ओचुमेलाॅव ने उस व्यक्ति को पहचान लिया। वह ख्यूक्रिन नामक सुनार था। सपेफद बाराजाइे पिल्ला, ऊपर से नीचे तक काँप रहा था। भीड़ को चीरते हुए इंस्पेक्टर ने पूछा - यह सब क्या हो रहा है?य् तुम सब लोग इधर क्या कर रहे हो? तुमने अपनी उँगली ऊपर क्यों उठा रखी है? इस पर ख्यूक्रिन ने खाँसते हुए कहा, मैं तो चुपचाप जा रहा था। मुझे मिस्त्राी मित्रिच से लकड़ी लेकर कुछ काम निपटाना था। तब अचानक इस कंबख्त ने मेरी उँगली काट खाई। अब एक हफते तक मेरी यह उगँली काम के लायक नंही रहेगी। मुझे इसके मालिक से हजार्ना दिलवाया जाए।

ओचुमेलाॅव ने पूछा - यह कुत्ता किसका है? मैं इस मामले को छोड़ने वाला नहीं हूँ। मैं इसके मालिक को मज़ा चखाकर रहूँगा। उसने येल्दीरीन सिपाही को कुत्ते के मालिक का पता लगाने का आदेश दिया। भीड़ में से एक व्यक्ति बोला शायद यह कुत्ता झिगलाॅव का है।
जनरल झिगलाॅव का नाम सुनकर इंस्पेक्टर अपना कोट उतारने लगता है। उसे गर्मी लगने लगती है। फिर वह ख्यूक्रिन से पूछने लगा कि इस कुत्ते ने तुम्हें काटा केसे? उसने ख्यूक्रिन को डाँटते हुए कहा कि जरूर तमु जुमार्ना ऐंठने के कारण ऐसा कह रहे हो। तुमने जरूर इस कुत्ते को छेड़ा होगा, तभी इसने तुम्हें काटा। सिपाही ने भी टिप्पणी करते हुए कहा कि ख्यूक्रिन तो ऐसे काम करता ही रहता है। तब ख्यूक्रिन ने कहा मेरा भी एक भाई पुलिस में है। फिर सिपाही ने गंभीरतापूर्वक कहा यह कुत्ता जनरल साहब का नहीं है क्योंकि उनके सब कुत्ते पोटर हैं। वे सभी कुत्ते महँगे तथा अच्छी नस्ल के हैं और यह तो मरियल-सा पिल्ला है। वे सभ्य आदमी हैं। वे ऐसे कुत्ते नहीं पाल सकते। यदि ऐसा कुत्ता माॅस्को या पीटसर्बर्ग में दिख जाता तो कानून की परवाह किए बगरै इसकी छट्टी कर दी जाती। इसे हर हालत में मज़ा चखाया जाना चाहिए।

तभी सिपाही ने गंभीरतापूर्वक सोचते हुए कहा कि यह जनरल साहब का कुत्ता है। तभी इंस्पेक्टर ने आदेश दिया कि इस कुत्ते को जनरल साहब के पास लेकर जाओ तथा पता लगाओ कि ये कुत्ता जनरल साहब का है या नहीं। उनसे कहना कि यह मुझे मिला और मैंने इसे वापस भेजा है। उनसे विनती करना कि वे इसे गली में चले आने से रोकें। फिर वह ख्यूक्रिन को डाँटने लगता है।

तभी जरनल साहब का बावर्ची प्रोखोर वहाँ आता है। वह उसे कुत्ते को पहचानने के लिए कहता है। प्रोखोर के मना करने पर कि यह कुत्ता जनरल साहब का नहीं है। ओचुमेलाव कहता है - यह आवारा कुत्ता है। इसे मार डालो। तब प्रोखोर कहता है कि यह कुत्ता जनरल साहब के भाई का है। उन्हें बारजोयस कुत्ते बहुत पसंद हैं।

यह सुनकर ओचुमेलाॅव कहता है कि क्या जनरल साहब के भाई यहाँ पधर चुके हैं? वह अपने भाई के यहाँ पधरे हैं। कितना सुंदर 'डाॅगी' है। यह तो बहुत सुंदर पिल्ला है। प्रोखोर कुत्ते को लेकर काठगोदाम के बाहर आ जाता है। भीड़ ख्यूक्रिन पर हँसती है। इंस्पेक्टर ने ख्यूक्रिन को धमकाया तथा बाज़ार के उस चैराहे को काटकर अपने रास्ते पर चल दिया।